दिनांक : 02-05-2025
राजस्थान पत्रिका , पृष्ठ नं : 02

दो और 14 मई के दिन रात 10 बजे बाद सेवा बढ़ाने की घोषणा

# आइपीएल मैच वाले दिन गांधीनगर सेक्टर-1 रूट पर भी मध्यरात्रि तक दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन



**अहमदाबाद @ पत्रिका.** आइपीएल मैच वाले दिन दो मई और 16 मई को अब गांधीनगर रूट पर भी सेक्टर-1 तक मेट्रो ट्रेन की सेवा रात 12.30 बजे तक दर्शकों को मिलेगी। इससे पहले मोटेरा से वस्त्राल, वेजलपुर एपीएमसी व थलतेज गाम रूट पर ही सेवा मिलती थी। ऐसे में गांधीनगर से मैच देखने आने वाले दर्शकों को राहत मिलेगी।

रात 10 बजे के बाद मोटेरा स्टेशन से गांधीनगर -सेक्टर-1 रूट पर रात 11:40 बजे और 12:10 बजे दो अतिरिक्त ट्रेनें चलेंगी। इस अवधि में गांधीनगर जाने वाले दर्शक मेट्रो का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए दर्शकों को 50 रुपए का स्पेशल पेपर टिकट खरीदना होगा।

मोटेरा से एपीएमसी वेजलपुर, वस्त्राल गाम, थलतेज गाम रूट पर रात 10 बजे बाद सफर करने के लिए भी दर्शकों को 50 रुपए की स्पेशल पेपर टिकट लेनी होगी। यह टिकट निरांत क्रॉस रोड, एपरेल पार्क, कालूपुर, ओल्ड हाईकोर्ट, थलतेज, मोटेरा व साबरमती रेलवे स्टेशन, राणीप, वाडज और जीवराज मेट्रो स्टेशन से पहले से भी दिन में खरीदे जा सकेंगे। इस टिकट के जरिए मैच खत्म होने के बाद रात 10 बजे से 12.30 बजे तक मोटेरा, साबरमती से अन्य स्टेशनों तक सफर किया जा सकेगा।

## हर छह मिनट पर रात 12.30 तक दौड़ेगी मेट्रो

गुजरात मेट्रो रेल कोर्पोरेशन ने कहा कि मैच वाले दिन रात को हर छह मिनट पर अहमदाबाद के स्टेशनों के लिए मेट्रो दौड़ेगी। रात 12.30 बजे मोटेरा से अंतिम ट्रेन रवाना होगी।